Narsee Monjee Educational Trust's
**JAMNABAI NARSEE SCHOOL**
Narsee Monjee Bhavan, Narsee Monjee Marg,
N.S.Road No. 7, J.V.P.D. Scheme,
Vile Parle (W), Mumbai - 400 049, India.

contactus@jns.ac.in
+91 22 2618 7575 / 2618 7676
www.jns.ac.in

**PRELIMINARY EXAMINATION DECEMBER '20**
**HINDI (SECOND LANGUAGE)**

**Std. 10**
**Reading Time : 01:15 p.m. to 01:30 p.m.**
**Writing Time : 01:30 p.m. to 04:30 p.m.**
**Uploading Time :04:30 p.m. to 05:15 p.m.**
**Marks: 80**
**Date: 15.12.'20**

- ***All answers to be written in the JNS notebook.***
- ***On top of each page write:***
  ***First Line:***
  ***First and Last Name: ___________Class and Division: ________ Roll No.: _____***
  ***Second Line:***
  ***Subject: _____________________ Date: ____________ Page No.: ____***
- ***On the first page write the Total No. of Pages used:_____***
- ***Do not copy the questions.***
- ***Take pictures of the written pages using "Scanbot App" or "Adobe Scan App" and save as ".pdf". Upload the .pdf file on Edusprint.***
- ***Only when you have completed uploading the document, click on the "FINISH" button.***

---

*This paper comprises of two sections: **Section A** and **Section B.***
*Attempt **all** questions from **Section A.***
*Attempt **four** questions from **Section B,** answering at least **one** question each from **two** books you have studied and **any two** other questions.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [].*

---

**This paper consist of 07 printed pages.**

## SECTION – A - LANGUAGE
**(40 Marks)**

Question 1.

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics:- [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :

**1.**संयुक्त परिवार (Joint Family**)** के किसी ऐसे उत्सव (Celebration**)** के आनंद का विस्तार से वर्णन कीजिए, जहाँ आपके परिवार के बच्चे - बुजुर्ग सभी उपस्थित थे ।

2.'योग भगाए रोग' - इस कथन से आप क्या समझते हैं ? आज के समय में इसकी प्रासंगिकता (Relevance)को ध्यान में रखते हुए योग विद्या से होनेवाले लाभों की चर्चा करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए ।

3.कंप्यूटर और मोबाईल मनोरंजन (Entertainment)के साथ -साथ हमारी ज़रूरत का साधन अधिक बन गए हैं। हर क्षेत्र में इनसे मिलनेवाले लाभों एवं हानियों का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिए।

4."जैसी करनी वैसी भरनी " लोकोक्ति पर आधारित एक कहानी लिखिए।

5.निम्नलिखित चित्र को ध्यान से देखिए और उससे संबंधित जो विचार आपके मन में आते हैं उन्हें एक कहानी या लेख के रूप में लिखिए ।



**Question 2.**

Write a letter in **Hindi** of approximately **120** words on any one of the following topics given below - [7]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

1. अपने चचेरे भाई को नौकरी में शानदार तरक्की (Promotion)मिलने के उपलक्ष्य में एक बधाई पत्र लिखिए।

**अथवा**

2.आजकल प्रायः दूरदर्शन पर दिखाए जानेवाले कार्यक्रमों के कलाकारों द्वारा अशुद्ध हिन्दी का प्रयोग किया जाता है ,जो किसी तरह से ठीक नहीं है । इस विषय पर दूरदर्शन के महानिदेशक को एक शिकायती पत्र लिखिए ।

Q.3. Read the passage given below and answer in Hindi the question that follow, using your own words as far as possible. [8]

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:

एक राजा था जिसे चित्रकला से बहुत प्रेम था। एक बार उसने घोषणा की कि जो कोई भी चित्रकार उसे एक ऐसा चित्र बना कर देगा जो शांति को दर्शाता हो तो वह उसे मुँह माँगा पुरस्कार देगा।

निर्णय वाले दिन एक से बढ़ कर एक चित्रकार पुरस्कार जीतने की लालसा से अपने-अपने चित्र लेकर राजा के महल पहुँचे। राजा ने एक-एक करके सभी चित्रों को देखा और उनमें से दो चित्रों को अलग रखवा दिया। अब इन्ही दोनों में से एक को पुरस्कार के लिए चुना जाना था।

पहला चित्र एक अति सुंदर शांत झील का था। उस झील का पानी इतना स्वच्छ था कि उसके अंदर की सतह तक दिखाई दे रही थी। और उसके आस-पास विद्यमान हिमखंडों की छवि उस पर ऐसे उभर रही थी मानो कोई दर्पण रखा हो। ऊपर की ओर नीला आसमान था जिसमें रुई के गोलों के सामान सफ़ेद बादल तैर रहे थे। जो कोई भी इस चित्र को देखता उसको यही लगता कि शांति को दर्शाने के लिए इससे अच्छा कोई चित्र हो ही नहीं सकता। वास्तव में यही शांति का एक मात्र प्रतीक है।

दूसरे चित्र में भी पहाड़ थे, परंतु वे बिलकुल सूखे, बेजान, वीरान थे और इन पहाड़ों के ऊपर घने गरजते बादल थे जिनमें बिजलियाँ चमक रहीं थीं…घनघोर वर्षा होने से नदी उफान पर थी… तेज हवाओं से पेड़ हिल रहे थे… और पहाड़ी के एक ओर स्थित झरने ने रौद्र रूप धारण कर रखा था। जो कोई भी इस चित्र को देखता यही सोचता कि भला इसका 'शांति' से क्या लेना देना… इसमें तो बस अशांति ही अशांति है।

सभी आश्वस्त थे कि पहले चित्र बनाने वाले चित्रकार को ही पुरस्कार मिलेगा। तभी राजा अपने सिंहासन से उठे और घोषणा की कि दूसरा चित्र बनाने वाले चित्रकार को वह मुँह माँगा पुरस्कार देंगे। हर कोई आश्चर्य में था! पहले चित्रकार से रहा नहीं गया, वह बोला, "लेकिन महाराज उस चित्र में ऐसा क्या है जो आपने उसे पुरस्कार देने का फैसला लिया… जबकि हर कोई यही कह रहा है कि मेरा चित्र ही शांति को दर्शाने के लिए सर्वश्रेष्ठ है?" "आओ मेरे साथ!", राजा ने पहले चित्रकार को अपने साथ चलने के लिए कहा।दूसरे चित्र के समक्ष पहुँच कर राजा बोले, "झरने के बायीं ओर हवा से एक ओर झुके इस वृक्ष को देखो। उसकी डाली पर बने उस घोंसले को देखो… देखो कैसे एक चिड़िया इतनी कोमलता से,इतने शांत भाव व प्रेमपूर्वक अपने बच्चों को भोजन करा रही है…।"

फिर राजा ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को समझाया, “शांत होने का अर्थ यह नहीं है कि आप ऐसी स्थिति में हों जहाँ कोई शोर नहीं हो...कोई समस्या नहीं हो... जहाँ कड़ी मेहनत नहीं हो... जहाँ आपकी परीक्षा नहीं हो... शांत होने का सही अर्थ है कि आप हर तरह की अव्यवस्था, अशांति, अराजकता के बीच हों और फिर भी आप शांत रहें, अपने काम पर केंद्रित रहें... अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें।

प्रश्न1.राजा ने क्या घोषणा की और घोषणा को करने का क्या कारण था? [2]

प्रश्न 2.राजा के द्वारा चुने गए पहले चित्र की क्या विशेषताएं थीं ? [2]

प्रश्न 3.राजा द्वारा चुने गए दूसरे चित्र में क्या अनोखापन था ? [2]

प्रश्न4.राजा ने दूसरे चित्र के कलाकार को पुरस्कार देने की घोषणा क्यों की? [2]

प्रश्न5.अंत में सब को समझाने के लिए राजा ने शांति की क्या व्याख्या की? [2]

**Question 4**. Answer the following according to the instructions given:

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :**

(i) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइये:- [1]

उद्योग , पूजा

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए: [1]

अग्नि , आकाश

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए: [1]

गुप्त , यश , क्षणिक , क्रय

(iv) भाववाचक संज्ञा बनाइए :- [1]

अतिथि , नेता

(v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए: [1]

चेहरा उतरना , हाथ -पैर मारना

(vi) कोष्ठक में दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए:-

(क) मैं तुम्हारे नए मित्र को जानता हूँ ।(मिश्र वाक्य में परिवर्तन कीजिये) [1]

(ख) मेरे पिताजी ने मुंबई जाना है। (वाक्य शुद्ध कीजिए) [1]

(ग) उसका प्रयास **<u>प्रशंसा के योग्य</u>** है। [1]

(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिए )

## SECTION – B – LITERATURE
**(40 Marks)**

*Attempt any **two** questions from section **B**, answering at least **one** question each from the **two***

**Question 5.**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow: [10]

निम्नलिखित गदयांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

"बस सब समझ में आ गया।'मालिक,अगर पंचायत में आप भेड़िया जाति का बहुमत हो जाए तो ?"

[ भेड़ें और भेड़िये : लेखक - हरिशंकर परसाई ]

1."बस सब समझ में आ गया। 'किसने,किससे और क्यों कहा? [2]

2.वक्ता की बात सुनकर भेड़िये ने चिढ़कर उससे क्या कहा और क्यों?
समझाकर लिखिए । [2]

3.वन प्रदेश की भेड़ों की क्या विशेषता होती है? वे किसका प्रतीक हैं और कैसे? [3]

4.भेड़ियों का प्रचार किसने और कैसे किया? कोई एक तरीका समझाकर लिखिए । [3]

Question **6.**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow: - [10]

निम्नलिखित गदयांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए-

"यह अफवाह थी कि उनकी सेठानी को कोई दैवी शक्ति प्राप्त है,जिससे वह तीनों लोकों की बात जान लेती है ।"

[महायज्ञ का पुरस्कार: लेखिका - मन्नू भंडारी]

1.किसके बारे में क्या अफवाह थी? उनका परिचय दीजिए । [2]

2.दैवी शक्ति' से आप क्या समझते हैं? यदि आपको ऐसी शक्ति मिल जाए तो
आप उसका प्रयोग कैसे करेंगे ? [2]

3.तीनों लोकों से क्या तात्पर्य है? सेठानी को किस लोक की किस घटना का
पता चल गया? [3]

4.'महायज्ञ का पुरस्कार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 7.**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow: - [10]

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

वह बोला," माई -बाप गलती हो गई । इस बार माफ़ कर दो ।"

[बात अठन्नी की:लेखक -सुदर्शन]

1.यहाँ वक्ता कौन है? उसने उपर्युक्त कथन किस अवसर पर कहा है? [2]

2.वक्ता की बात सुनकर श्रोता ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की? उस पर विचार लिखिए। [2]

3.वक्ता अपने बचाव में क्या बहाना बना सकता था? उसने कोई बहाना क्यों बनाया? [3]

4.प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । [3]

**Question 8.**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:- [10]

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

'झरने अनेक झरते,जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़िया चहक रहीं हैं ,हो मस्त झाड़ियों में ।
अमराइयाँ घनी हैं ,कोयल पुकारती है।
बहती मलय पवन है, तन -मन सवाँरती है।

[ वह जन्मभूमि मेरी : कवि- सोहनलाल द्विवेदी]

1.जन्मभूमि किसे कहते हैं? यह हमें क्या- क्या देती है ? [2]

2.कवि ने जन्मभूमि को अन्य किन -किन नामों से पुकारा है? [2]

3.कवि ने मातृभूमि की प्राकृतिक विशेषता किस प्रकार व्यक्त की है? [3]

4.प्रस्तुत कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए । [3]

**Question 9 .**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow: [10]

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी ,
क्षमा करो गाँठ खुल गई भरम की ।
बाँध टूटा झर -झर मिलन के अश्रु ढरके ,
मेघ आए बड़े बन -ठन के ,सँवर के ।

[ मेघ आए : कवि- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ]

1. मेघ का स्वागत किस प्रकार होता है और क्यों ? [2]

2. किसने किससे क्षमा माँगी और क्यों ? [2]

3. निम्नलिखित शब्द किसके प्रतीक हैं ? [3]

मेघ , बयार , पीपल , नदी , लता , ताल

4. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए । [3]

दामिनी , भरम , अश्रु , मेघ , पाहुन , बरस

**Question 10.**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow: [10]

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।

मैया मोरी चंद्र खिलौना लैहों ।।
धौरी को पय पान न करिहौं , बेनी सिर न गुँथैहौं ।
मोतिन माल न धरिहौं उर पर ,झुंगली कंठ न लैहौं ।।
जैहों लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न ऐहौं ।
लाल कहैहों नंद बाबा को तेरो सुत न कहैहों ।।
कान लाय कछु कहत जसोदा ,दाउहिं नाहिं सुनैहों ।
चंदा हूँ तो अति सुन्दर तोहिं नवल दुलहिया ब्यैहों ।।
तेरी सौं मेरी सुन मैया अबहिं ब्याहन जैहों ।
सूरदास तब सखा बराती ,नूतन मंगल गैहों ।।

[ 'सूर के पद' : कवि - सूरदास ]

1.श्री कृष्ण क्या चाहते हैं?इसे पाने के लिए वे कौन -कौन सी ज़िद करते हैं? [2]

2.माता यशोदा ने कान में क्या कहा ? [2]

3.निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। [3]

धौरी , बेनी , नवल , सौं , धरती , पय

4.कृष्ण के दो अन्य नाम बताते हुए उनके जीवन की किसी घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । [3]